कम्युनलिजम वॉच

खंड: 1, अंक-19 1सितंबर-30 सितंबर, 2015

इस अंक में

सांप्रदायिक घटनाएं 3-6

सांप्रदायिक हिंसा और तनाव

- कन्नौज में सोशल साइट पर सांप्रदायिक संदेश
- आगरा में हिंसा
- मेरठ में तनाव
- दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी इलाके में सांप्रदायिक हिंसा
- अतिक्रमण में टूटे धार्मिक स्थल को लेकर हिंसा की
- पानीपत में कुरान की प्रतियां जलाने से तनाव
- गोंडा में सांप्रदायिक हिंसा
- गौ हत्या के विवाद में कई राज्यों में तनाव और हिंसा (गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, असम, उत्तरप्रदेश)
- सामान्य विवाद ने लिया सांप्रदायिक रंग
- आगरा में सांप्रदायिक तनाव
- युवक की हत्या के बाद सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश
- हरिद्वार में सामान्य विवाद को दिया हिंसा का रूप

शिक्षा का भगवाकरण 10

- राष्ट्रवादी शिक्षा का सर्वेक्षण
- दीनानाथ बत्रा की किताबें हरियाणा के स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल होंगी

अतिवादी लेखन 10-11

- बच्चे के जन्म पर हो मुस्लिमों के लिए अलग से नियम
- पांचजन्य ने राष्ट्रपति हामिद अंसारी को कहा सांप्रदायिक
- सनातन संस्था के मासिक अखबार में आपत्तिजनक टिप्पणी

सांप्रदायिक कथन 11

- संवैधानिक पद के प्रतिकूल राज्यपाल की टिप्पणी
- हिंदुत्ववादी नेताओं ने धर्मनिरपेक्षता पर उठाया सवाल
- भाजपा सांसद का उकसाऊ बयान

सांप्रदायिक रणनीति 6-10

- कर्नाटक में हुई मोरल पोलिसिंग
- महंत अवैद्यनाथ पर जारी होगा डाक टिकट
- झारखंड में बीफ पर प्रतिबंध की मांग
- मुंबई बीफ बैन:नगर निगम चुनाव की राजनीति
- टीपू सुल्तान को लेकर राजनीतिक विवाद की कोशिश
- गोवा में सनातन संस्था की सांप्रदायिक रणनीतियां
- दिल्ली विश्वविद्यालय ने आयोजित किया वैदिक काल के आकलन पर सेमिनार
- अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना का वैदिक काल पर सेमिनार
- भाजपा सांसद ने की ईश निंदा कानून की मांग
- सनातन संस्था का पत्रकार निखिल बागले पर हमले की योजना
- छात्र नेता को जान से मारने की धमकी
- विहिप ने तलाश रहा है हिंदू ग्रंथों में नए स्रोत
- गुजरात में सरकार का गोमांस के विरोध में पोस्टर
- सुब्रमण्यन स्वामी ने महात्मा गांधी की हत्या का बनाया विवाद
- मलयालम लेखक एम.एम .बशीर को हिंदूवादी संगठनों की धमकी
- राजस्थान सरकार करेगी गौ हत्या के कानून में बदलाव
- पैगंबर मुहम्मद पर बनी फिल्म पर प्रतिबंध की मांग
- पत्रकार जान दयाल को जान से मारने की धमकी
- 1500 मुस्लिम परिवार 'घर वापसी' के निशाने पर
- सिद्धि विनायक मंदिर के कोष से मुस्लिम और ईसाइयों को सहायता का विरोध
- मूर्ति विसर्जन रोकने के हाइकोर्ट आदेश के खिलाफ विहिप सहित कई धार्मिक संगठन करेंगे आयोजन

न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया 11-13

- हिंदू युवावाहिनी के नेता के खिलाफ शिकायत दर्ज
- मध्यप्रदेश में गौहत्या के कानून का दुरुपयोग
- 2002 गुजरात दंगा: गुलबर्ग सोसायटी केस की सुनवाई
- संजीव भट्ट की याचिका पर फैसला सुरक्षित

- मुजफ्फरनगर दंगे पर गठित जांच आयोग की रिपोर्ट तैयार
- गुजरात हाइकोर्ट ने याचिका की सुनवाई के लिए नयी बेंच गठित की
- सूचना प्रसारण मंत्रालय के नोटिस पर टीवी चैनल की हाइकोर्ट में याचिका
- हत्या के मामले में हिंदू संगठन के तीन कार्यकर्ता गिरफ्तार
- श्रीराम सेना का कार्यकर्ता गिरफ्तार
- गोविंद पांसरे हत्या मामले में हुई गिरफ्तारियां
- गोंडा दंगे में हुई कार्यवाई
- हत्या के मामले में प्रज्ञा सिंह पर आरोप तय
- सोशल साइट के सांप्रदायिक संदेश पर एनएसएस के तरह कार्यवाई
- एसपी ने लगाए राजस्थान सरकार पर गंभीर आरोप
- कलबुर्गी हत्या के मामले में हिदू महासभा से पूछताछ
- बेलागावी हिंसा में काउंसलर गिरफ्तार
- मुढाल हिंसा में हुई कार्यवाई

सांप्रदायिक घटनाओं के आंकड़े 14

- उत्तरप्रदेश में आगरा में सबसे ज्यादा दंगे

सांप्रदायिक घटनाएं		
सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव		
घटनाएं	**सम्मिलित संगठन/ समूह**	**दिनांक और घटना स्थल**
कन्नौज में सोशल साइट पर सांप्रदायिक संदेश उत्तरप्रदेश के कन्नौज में धार्मिक भावना भड़काने वाले संदेश जारी किए गए जिससे तनाव बढा। http://indiatoday.intoday.in/story/social-media-post-creates-communal-tension-in-agra/.464621/1html Date Accessed:3/9/2015	सांप्रदायिक तत्व	3/9/2015 कन्नौज उत्तरप्रदेश
आगरा में हिंसा शमसाबाद कस्बा में फेसबुक पर एक समुदाय पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद सांप्रदायिक हिंसा भड़की। हिंसा के दौरान कई धर्मस्थलों में तोड़फोड़ और आगजनी हुई। खबरों में कहा गया है कि पुलिस की कार्यवाई न होने से भी माहौल बिगड़ता चला गया। http://www.amarujala.com/news/city/agra/agra-crime-news/arson-in-shrine-in-shamshabad-hindi-news/ Date Accessed: 5/9/2015	स्थानीय लोग	4/9/2015 शमसाबाद आगरा उत्तरप्रदेश
मेरठ में तनाव ***लालकुर्ती*** मेरठ के लालकुर्ती इलाके में धार्मिक आयोजन को लेकर हुए विवाद के बाद सांप्रदायिक तनाव हुआ। भाजपा और आरएसएस की सक्रिएता के बाद विवाद बढने की खबर है। http://naidunia.jagran.com/national-violence-in-meerut-two-arrested-468107 http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/In-clash-hit-Lalkurti-RSS-holds-600-strong-shakha/articleshow/49051408.cms Date Accessed:21/9/2015	स्थानीय समुदाय, भाजपा, आरएसएस	5/9/2015 लालकुर्ती
घिसौली मेरठ के गांव घिसौली में धार्मिक स्थल के निर्माण और आयोजन को लेकर विवाद हुआ। बताया जा रहा है कि पंचायत चुनाव को देखते हुए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश की जा रही है। http://www.amarujala.com/news/city/meerut/meerut-crime-news/ghisoli-communal-disturbance-hindi-news/ Date Accessed:26/9/2015	स्थानीय समुदाय	(तारीख अस्पष्ट) घिसौली मेरठ उत्तरप्रदेश
दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी इलाके में सांप्रदायिक हिंसा दिल्ली के उत्तर पश्चिमी इलाके में में दो समुदायों के बीच धार्मिक आयोजन को लेकर हुए विवाद में हिंसक संघर्ष हुआ। हिंसा में 7 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। http://www.business-standard.com/article/pti-stories/7-injured-in-clash-between-communities-in-northwest-delhi-115090901469_1.html Date Accessed: 10/9/2015	स्थानीय समुदाय	8/9/2015 भलसवा डेयरी दिल्ली

अतिक्रमण में टूटे धार्मिक स्थल को लेकर हिंसा की दिल्ली के लक्ष्मीनगर इलाके में अतिक्रमण के दौरान मंदिर हटाने को लेकर कट्टर हिंदूवादी संगठनों ने प्रदर्शन किया और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। http://www.jansatta.com/national/demonstration-in-delhi-against-temple-encroachment/39405/ Date Accessed: 9/10/2015	दक्षिण पंथी संगठन	(तारीख अस्पष्ट) लक्ष्मीनगर दिल्ली
पानीपत में कुरान की प्रतियां जलाने से तनाव पानीपत में कुरान की दस जली हुई प्रतियां मिलने के बाद मुस्लिम समुदाय ने विरोध दर्ज कराया और कार्यवाई की मांग की। http://www.hindustantimes.com/haryana/quran-copies-found-burnt-in-panipat/article1-1390593.aspx Date Accessed: 15/9/2015	अज्ञात	14/9/2015 पानीपत हरियाणा
गोंडा में सांप्रदायिक हिंसा गोंडा में गणपति विसर्जन के दौरान दो गुटों में विवाद होने के बाद 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। http://www.bhaskar.com/news/MP-OTH-MAT-latest-dhar-news-022505-2711626-NOR.html Date Acceessed: 25/9/2015	स्थानीय समुदाय	23/9/2015 गोंडा उत्तरप्रदेश
गौ हत्या के विवाद में कई राज्यों में तनाव और हिंसा **गुजरात** जूनागढ के नरसिंह मेहता लेक में कथित तौर पर गाय का कटा हुआ सिर मिलने के बाद भाजपा विधायक महेन्द्र माश्रू धरने पर बैठ गए । विहिप ,बजरंग दल सहित कई हिंदवादी संगठन इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। http://timesofindia.indiatimes.com/city/rajkot/Junagadh-tense-after-cows-head-found-in-lake/articleshow/48942699.cms Date Accessed: 14/9/2015	भाजपा, विहिप, बजरंग दल और अन्य हिंदूवादी संगठन	12/9/2015 जूनागढ गुजरात
कर्नाटक कर्नाटक के चार जिलों बेलागावी, यादगिर, बागलकोट और धारवाड जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा में कई लोग घायल हो गए। घटनाएं गौ हत्या की कथित घटनाओं और गणेश विसर्जन को लेकर हिंसा हुई। http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/10-injured-in-clashes-in-chikkodi-surpur/article7691545.ece http://www.livemint.com/Politics/PQpkg74QZjgCCf5WawXv1N/Karnataka-sees-four-communal-clashes-and-one-riot-in-just-a.html Date Accessed: 26/9/2015	स्थानीय समुदाय	25/9/2015 बेलागावी, यादगिर, बागलकोट, धारवाड कर्नाटक

तेलंगाना तेलंगाना के चित्तूर जिले में दो समुदायों के बीच तनाव हुआ। इस घटना में भाजपा और आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने 100 से अधिक पशुओं की चोरी का आरोप लगाया था। http://www.thehindu.com/news/national/telangana/communal-tension-in-madanapalle/article7693437.ece Date Accessed:27/9/2015 **असम** असम के ढुबरी में मंदिर के बाहर कथित तौर पर मांस पाए जाने को लेकर तनाव बढा। पुलिस ने तनाव को देखते हुए इलाके में कर्फ्यू लगा दिया। इस विवाद में 19 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। http://www.theshillongtimes.com/2015/09/27/tension-grips-assams-dhubri-town-curfew-imposed/ Date Accessed: 27/9/2015 **उत्तरप्रदेश** आगरा के मंटोला और कठघर क्षेत्र में गणेश विसर्जन के दौरान मांस का टुकड़ा फेंके जाने की कथित घटना के बाद दो समुदायों में तनाव हो गया। पथराव के दौरान एक महिला समेत तीन लोग घायल हुए। http://www.amarujala.com/news/city/agra/agra-crime-news/mantola-hindi-news/ Date Accessed: 28/9/2015 **उत्तरप्रदेश** ग्रेटर नोएडा के दादरी गांव में 28 सितंबर को स्थानी मंदिर से लाउड स्पीकर के जरिए अफवाह फैलायी गयी कि एखलाक मुहम्मद का परिवार गोमांस खा रहा है। भीड़ ने हमला बोलकर 50 साल के एखलाक मुहम्मद की भीड़ ने हमला बोलकर हत्या कर दी। 14000 की आबादी वाले गांव में मुस्लिम परिवारों की संख्या 50 है। इस घटना के बाद कई अल्पसंख्यक परिवारों ने गांव छोड़ दिया है। http://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/noida/in-dadri-villagers-killed-a-person-merely-on-suspicion-said-he-was-eating-beef/articleshow/49157135.cms http://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/noida/dadri-law-and-order-maintained-but-fear-prevails-among-minority-muslim-families/articleshow/49177173.cms Date Acceesed: 1/10/2015	भाजपा और आरएसएस सांप्रदायिक तत्व अज्ञात अज्ञात	26/9/2015 चित्तूर तेलंगाना 26/9/2015 ढुबरी असम 27/9/2015 आगरा उत्तरप्रदेश 28/9/2015 दादरी (बिसाहडा गांव) ग्रेटर नोएडा उत्तरप्रदेश
युवक की हत्या के बाद सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश दिल्ली के बदरपुर में एक युवक की हत्या के बाद लोगों शव के साथ प्रदर्शन किया। इस घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गयी। इस दौरान हुई हिंसा में पथराव किया गया और उपद्रवियों ने वाहनों में आग लगा दिया।	स्थानीय समुदाय	30/9/2015 बदरपुर दिल्ली

http://delhincr.amarujala.com/photo-gallery/demolition-dtc-buses-fire-in-handover-of-several-bikes/ Date Accessed: 1/10/2015		
हरिद्वार में सामान्य विवाद को दिया हिंसा का रूप कोटद्वार में दो लोगों के बीच हुए विवाद को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया गया और हिंसा हुई। http://hindi.news.18com/news/uttarakhand/people-who-gave-communal-colour-to-the-kotdwar-incident-should-be-punished-harish-rawat-.809016html Date Accessed: 29/9/2015	अज्ञात	(तारीख अस्पष्ट) कोटद्वार हरिद्वार उत्तराखंड

सांप्रदायिक रणनीतियां

सांप्रदायिक संगठन

रणनीतियां	सम्मिलित संगठन
कर्नाटक में फिर हुई मोरल पोलिसिंग मंगलौर में अज्ञात लोगों द्वारा 22 साल के केरल के एक छात्र को साथ पढने वाले लड़कियों के साथ एक मॉल में जाने पर प्रताड़ित किया गया। http://www.thehindu.com/news/cities/Mangalore/three-students-confronted-near-mangaluru-mall/article7630998.ece Date Accessed: 9/9/2015 मंगलौर में बजरंग दल के दबाव में एक डिस्कोथेक से लड़कियों को बाहर कर दिया गया। इस मामले में पुलिस पर भी आरोप है कि पुलिस ने बजरंग दल के दबाव में केवल लड़कियों को बाहर जाने के लिए कहा। http://www.bhaskar.com/news-ht/c-271-21672-re0072-NOR.html Date Accessed: 28/9/2015	अज्ञात बजरंग दल
महंत अवैद्यनाथ पर जारी होगा डाक टिकट गोरखनाथ मठ की मांग पर सरकार महंत अवैद्यनाथ पर डाक टिकट जारी करेगी। मंहत अवैद्यनाथ हिंदू महासभा और भाजपा से जुड़े थे और अयोध्या में सांप्रदायिक आंदोलनों से जुड़े थे। http://navbharattimes.indiatimes.com/india/centre-to-release-stamp-on-ram-janmabhoomi-movement-leader-avaidyayanath/articleshow/.49147611cms Date Accessed:29/9/2015	भारत सरकार
झारखंड में बीफ पर प्रतिबंध की मांग विश्वहिंदू परिषद ने झारखंड के डोरांडा में हुए सांप्रदायिक झड़पों को राजनीतिक मुद्दा बनाते हुए मांग की है कि राज्य मे बीफ पर प्रतिबंध लगाया जाए। http://www.firstpost.com/india/now-vishwa-hindu-parishad-demands-beef-ban-in-jharkhand-.2446748html Date Accessed: 27/9/2015	विश्वहिंदू परिषद

मुंबई बीफ बैन:नगर निगम चुनाव की राजनीति मुंबई के उपनगर मीरा भंयदर में नगर निगम ने जैन समुदाय के पर्यूषण पर्व के दौरान मांस की बिक्री पर प्रतिबंध को बढाकर आठ दिनों के लिए कर दिया है। मुंबई में प्रतिबंध 1964 से रहा है और आम तौर पर यह प्रतिबंध दो दिनों का होता था, जिसे लेकर कोई असहमति नहीं रही है। बॉम्बे बीफ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन ने प्रतिबंध की सीमा बढाने का विरोध करते हुए कहा है कि इससे गरीब दुकानदारों पर असर पड़ेगा। राजनीतिक दलों का आरोप है कि नगर निगम के चुनावों के लिए प्रतिबंध को बढाकर सांप्रदायिक रंग दिया जा रहा है। http://www.bbc.com/hindi/india/2015/09/150908_meat_banned_in_mira_bhayandar_dil Date Accessed: 8/9/2015	मुंबई नगर निगम महाराष्ट्र
टीपू सुल्तान को लेकर राजनीतिक विवाद की कोशिश दक्षिण भारत में आरएसएस टीपू सुल्तान को लेकर विवाद पैदा करने की कोशिश कर रही है। नया विवाद टीपू सुल्तान पर सरकारी आयोजन और उन पर बन रही फिल्म को लेकर की गयी टिप्पणियां हैं। टीपू सुल्तान की छवि को पहले भी हिंदू विरोधी की तरह पेश करने की कोशिश होती रही है। http://navbharattimes.indiatimes.com/india/bjp-sangh-parivars-new-target-in-south-tipu-sultan/articleshow/.49132885cms Date Accessed: 28/9/2015	भारतीय जनता पार्टी, आरएसएस
गोवा में सनातन संस्था की सांप्रदायिक रणनीतियां गोविंद पानसारे की हत्या में शामिल सनातन संस्था को लेकर गोवा में प्रतिबंधित करने की मांग तेज हो गयी है। अपने को आध्यात्मिक संस्था के तौर पर पेश करने वाली सनातन संस्था पर सांप्रदायिक घटनाओं में शामिल होने के अलावा अंधविश्वार फैलाने ,चमत्कारिक दावे करने आदि के गंभीर आरोप हैं। http://scroll.in/article/757989/how-the-sanatan-sanstha-is-positioning-itself-on-the-extreme-edge-of-the-hindutva-right-wing-in-goa Date Accessed:27/9/2015	सनातन संस्था
दिल्ली विश्वविद्यालय ने आयोजित किया वैदिक काल के आकलन पर सेमिनार दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित सेमिनार में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि ज्योतिष गणना के आधार पर और पुरातात्विक प्रमाण के जरिए निर्धारित वैदिक काल को स्कूल और कॉलेज पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। http://indianexpress.com/article/cities/delhi/vedic-chronology-based-on-astronomy-to-be-include-in-curriculum-seminar/ http://sanskrit.du.ac.in/data/chronologySeminar/Invitation.pdf Date Accessed:29/9/2015	संस्कृत विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय, इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टॉरिकल रिसर्च,वेद रक्षण समिति-दिल्ली, महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेदविद्यालय प्रतिष्ठान- उज्जैन
अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना का वैदिक काल पर सेमिनार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े अखिल भारतीय इतिहास संकलन तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजित कर रहा है। इस आयोजन के जरिए आरएसएस वैदिक काल में स्त्रियों की सामाजिक स्थिति पर विमर्श करेगा। आरएसएस इसके जरिए यह स्थापित करना चाहता है कि वैदिक काल में स्त्रियों को शिक्षा और विवाह की पूरी आजादी थी। http://www.newindianexpress.com/thesundaystandard/RSS-Rides-on-Bharatiya-Naari-Power//13/09/2015article.3024663ece Date Accessed:14/9/2015	अखिल भारतीय इतिहास संकलन (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ)

भाजपा सांसद ने की ईश निंदा कानून की मांग भाजपा और आरएसएस के नेता प्रभात झा ने मांग की एक ऐसा कानून बना जाए जिससे ईश्वर की आलोचना रोकी जा सके। http://navbharattimes.indiatimes.com/india/bjps-prabhat-jha-wants-to-end-religious-insults/articleshow/.48908506cms Date Accessed:11/9/2015	भाजपा
सनातन संस्था का पत्रकार निखिल बागले पर हमले की योजना महाराष्ट्र पुलिस ने काल रिकार्ड के आधार पर सूचना जारी की है कि गोविंद पानसारे की हत्या में शामिल दक्षिण पंथी संगठन सनातन संस्था मराठी पत्रकार निखिल बागले की हत्या की योजना बना रही है। http://www.huffingtonpost.in/2015/09/21/nitin-wagle_n_8168454.html Date Accessed: 21/9/2015	सनातन संस्था
छात्र नेता को जान से मारने की धमकी कोलार में एसएफआई के छात्र नेता के. वासुदेवा रेड्डी को हिंदुत्वादी संगठनों की ओर से हत्या की धमकी दी जा रही है। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। http://www.thehindu.com/news/cities/bangalore/student-leader-in-kolar-threatened-by-hindutva-groups/article7685825.ece Date Accessed: 24/9/2015	हिंदुत्ववादी संगठन
विहिप ने तलाश रहा है हिंदू ग्रंथों में नए स्रोत विहिप एक खास प्रोजेक्ट के तहत धार्मिक ग्रंथों से ऐसे हिस्से तलाश रहा है जिसके जरिए वह हिंदुओं को जातियों और उप-जातियों से बाहर एकजुट कर सके। http://scroll.in/article/751603/vhp-is-compiling-a-new-hindu-scripture-to-provide-religious-sanction-for-hindutva Date Accessed: 15/9/2015	विश्व हिंदू परिषद
गुजरात में सरकार का गोमांस के विरोध में पोस्टरे अहमदाबाद में गुजरात सरकार के गौसेवा एवं गौचर विकास बोर्ड की ओर से लगाए गए पोस्टर में कुरान का जिक्र करते हुए कहा गया है कि गोमांस सेहत के लिए बुरा ,जबकि गाय से मिलने वाला दूध सेहत के लिए लाभदायक है। इस पर मुस्लिम विद्वानों और धार्मिक गुरुओं ने टिप्पणी करते हुए कहा है कि कुरान में इस तरह का कोई जिक्र नहीं मिलता है। http://www.abplive.in/india//08/09/2015article.708081ece/Gujarat-government-invokes-Quran-for-cow-protection-hoarding-says-the-holy-book-called-beef-unhealthy Date Accessed: 8/9/2015	गौसेवा एवं गौचर विकास बोर्ड गुजरात सरकार
सुब्रमण्यन स्वामी ने महात्मा गांधी की हत्या का बनाया विवाद भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने महात्मा गांधी हत्या के केस पर सवाल करते हुए केस को फिर से खुलवाने की बात कही है। सुब्रमण्यन स्वामी ने ट्विटर पर इस संबंध में टिप्पणी की है। http://navbharattimes.indiatimes.com/india/i-may-seek-re-opening-of-the-gandhiji-murder-case-says-subramanian-swamy/articleshow/.48864512cms Date Accessed:8/9/2015	भारतीय जनता पार्टी

मलयालम लेखक एम.एम. बशीर को हिंदूवादी संगठनों की धमकी मलयालम लेखक एम.एम .बशीर ने अज्ञात हिंदूवादी संगठनों की धमकी के बाद अपने नियमित स्तंभ को लिखना बंद कर दिया। वे मलयालम अखबार दैनिक मातृभूमि के लिए रामायण पर सीरिज में लिख रहे थे। http://indianexpress.com/article/india/india-others/hindu-group-forces-muslim-writer-to-stop-ramayana-column/ Date Accessed: 4/9/2015	हिंदुत्ववादी संगठन
राजस्थान सरकार करेगी गौ हत्या के कानून में बदलाव राजस्थान सरकार ने 1995 के राजस्थान गौ वंश अधिनियम में संशोधन को मंज़ूरी दी है। राज्य सरकार इसे विधानसभा में पेश करेगी और राष्ट्रपति की अनुमति के लिए भेजेगी। http://indianexpress.com/article/india/india-others/cow-protection-rajasthan-approves-changes-to-act/ Date Accessed: 16/9/2015	राजस्थान सरकार
पैगंबर मुहम्मद पर बनी फिल्म पर प्रतिबंध की मांग ईरान के मशहूर निर्देशक माजिद मजीदी की फिल्म मोहम्मद : द मैसेंजर ऑफ गॉड पर धार्मिक भावनाएं आहत होने का आरोप लगा है। इस फिल्म में संगीत देने के चलते भारतीय संगीतकार ए.आर.रहमान के खिलाफ सुन्नी संगठन रजा अकेदमी ने फतवा जारी किया। http://indianexpress.com/article/india/india-others/ban-film-on-prophet-with-rahman-music-sunni-group-to-govt/ Date Accessed:7/9/2015	रजा अकेदमी, महाराष्ट्र
पत्रकार जान दयाल को जान से मारने की धमकी पत्रकार जॉन दयाल ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं की ओर से जान से मारने की धमकी मिल रही है। जॉन दयाल आल इंडिया क्रिश्चियन काउंसिल के महासचिव हैं। http://www.thehindu.com/news/cities/mumbai/i-am-facing-an-organised-attack-says-john-dayal/article.7656065ece?ref=topnavwidget&utm_source=topnavdd&utm_medium=topnavdropdownwidget&utm_campaign=topnavdropdown Date Accesed: 16/9/2015	दक्षिणपंथी संगठन
1500 मुस्लिम परिवार 'घर वापसी' के निशाने पर विश्व हिंदू परिषद ने दावा किया है कि पश्चिमी उत्तरप्रदेश में 1500 मुस्लिम परिवारों की घर वापसी के तहत धर्मांतरित किया जाएगा। http://www.thehindu.com/news/national/other-states/vhp-working-on-1500-muslim-families-for-ghar-vapsi-in-up/article7646580.ece Date Accessed:13/9/2015	विश्व हिंदू परिषद
सिद्धिविनायक मंदिर के कोष से मुस्लिम और ईसाइयों को सहायता का विरोध हिन्दू जनजागृति समिति ने सिद्धिविनायक मंदिर के कोष से मुसलमानों और ईसाइयों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए आपत्ति जतायी है। http://www.newindianexpress.com/nation/HJS-Miffed-at-Maharashtra-Temple-Funds-Move/2015/09/16/article3030461.ece Date Accessed: 16/9/2015	हिंदू जनजागृति समिति

मूर्ति विसर्जन रोकने के हाइकोर्ट आदेश के खिलाफ विहिप सहित कई धार्मिक संगठन करेंगे आयोजन वाराणसी में इलाहाबाद हाइकोर्ट के आदेशों के बाद प्रशासन ने गंगा नदी में गणेश विसर्जन से रोका गया। विश्व हिंदू परिषद इसके खिलाफ 16 अक्टूबर से धर्म रक्षा यात्रा आयोजित करने जा रही है, जो वाराणसी, अयोध्या होते हुए इलाहाबाद तक जाएगी। http://indianexpress.com/article/cities/lucknow/varanasi-crackdown-fallout-to-protest-against-interference-in-religious-rituals-vhp-plans-dharma-raksha-yatra/ Date Accessed: 1/10/2015	धार्मिक संगठन, विश्व हिंदू परिषद
शिक्षा का भगवाकरण	
राष्ट्रवादी शिक्षा का सर्वेक्षण अहमदाबाद स्थित पुनरूत्थान विद्यापीठ भारत में राष्ट्रवादी शिक्षा को लेकर सर्वेक्षण करवा रहा है। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार इस तरह का सर्वेक्षण देश भर मे किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इससे मिले निष्कर्षों को नेशनल एडुकेशन पॉलिसी में शामिल करवा सकता है। http://www.telegraphindia.com/1150928/jsp/frontpage/story_44998.jsp#.VgobJcuqqko http://www.huffingtonpost.in/2015/09/28/gujarat-school-surveys-te_n_8205798.html http://www.punarutthan.org/ Date Accessed:29/9/2015	पुनरुत्थान विद्यापीठ, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ
दीनानाथ बत्रा की किताबें हरियाणा के स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल होंगी गुजरात के बाद हरियाणा सरकार ने आरएसएस के शैक्षिक अजेंडे पर काम कर रहे दीनानाथ बत्रा की लिखी छः किताबों को स्कूली पाठ्यक्रम में लागू करने का फैसला किया है। http://indianexpress.com/article/india/india-others/dinanath-batras-moral-science-and-verse-will-enter-haryana-textbooks/ Date Accessed: 28/9/2015	हरियाणा शिक्षा मंत्रालय
अतिवादी लेखन	
बच्चे के जन्म पर हो मुस्लिमों के लिए हो अलग से नियम तोगड़िया ने आर्गेनाइजर पत्रिका के अपने लेख 'Time to act before too late' में लिखा है कि दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने को दंडात्मक अपराध घोषित किया जाना चाहिए। जो मुस्लिम ऐसा करते हैं उनके खिलाफ केस चलाया जाना चाहिए और उन्हें तमाम सुविधाओं से वंचित कर देना चाहिए। http://aajtak.intoday.in/story/togadias-controversial-artical-in-rss-organiser-1-831314.htm Date Accessed:3/8/2015	आर्गेनाइजर
पांचजन्य ने राष्ट्रपति हामिद अंसारी को कहा सांप्रदायिक आरएसएस की पत्रिका पांचजन्य ने उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी को सांप्रदायिक मुस्लिम कहा है। यह टिप्पणी सतीश पेडणेकर के लेख 'पिछड़ने की वजह और बेमौसमी राग' में की गयी है। http://www.bhaskar.com/news-ht/NAT-NAN-rss-mouthpiece-attacks-on-hamid-ansari-for-affirmative-action-remark-5114302-PHO.html Date Accessd: 15/9/2015	पांचजन्य
सनातन संस्था के मासिक अखबार में आपत्तिजनक टिप्पणी हिंदू जागृति समिति की सहायक सनातन संस्था ने मासिक अखबार में लिखा है कि जो राष्ट्रद्रोही हैं, वे कुत्ते हैं और उन्हें जिंदा नहीं छोड़ना चाहिए। सनातन संस्था ने याकूब मेमन की फांसी के दौरान सांप्रदायिक बयान दिए थे और हाल ही में गोविंद पानसारे की हत्मा के मामले में इस संस्था	सनातन संस्था (हिंदू जागृति समिति)

के कार्यकर्ता की गिरफ्तारी की गयी है। http://indianexpress.com/article/india/india-others/anti-nationals-must-be-killed-sanstha-group-hindu-jagruti-samiti/ Date Accessed: 29/9/2015	
सांप्रदायिक कथन	
संवैधानिक पद के प्रतिकूल राज्यपाल की टिप्पणी त्रिपुरा के राज्यपाल तथागत रॉय ने ट्विटर पर टिप्पणी की है कि वे सेक्युलर नहीं हिंदू हैं। हालांकि मेरा देश भारत 1976 से सेक्युलर है। http://navbharattimes.indiatimes.com/state/other-states/other-cities/whatever-gave-you-notion-i-am-secular-i-am-a-hindu-says-tripura-governor-tathagata-roy/articleshow/48870155.cms Date Accessed: 9/9/2015	राज्यपाल त्रिपुरा
हिंदुत्ववादी नेताओं ने धर्मनिरपेक्षता पर उठाया सवाल आरएसएस के सचिव सुरेश जोशी ने टिप्पणी की है कि धर्मनिरपेक्षता शब्द को इंदिरा गांधी सरकार संविधान में शामिल कराया। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख मनमोहन वैद्य ने यह टिप्पणी की है कि भारत में धर्मनिरपेक्ष शब्द की प्रासंगिकता नहीं रह गयी है। http://www.thehindu.com/news/national/hindutva-leaders-raise-questions-on-secularism/article.7678581ece Date Accessed:23/7/2015	राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ
भाजपा सांसद का उकसाऊ बयान भाजपा सांसद योगी आदित्यनाथ ने उकसाऊ बयान देते हुए कहा है कि कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे पर प्रतिबंध लगाया था और अब मूर्तियों के विसर्जन से रोका जा रहा है। अगर हिंदुओं का धैर्य टूटा तो स्थिति बेकाबू होगा। हाइकोर्ट के आदेश के बाद उत्तरप्रदेश में गंगा और यमुना में मूर्तियों के विसर्जन पर रोक लगी है। http://lucknow.amarujala.com/feature/city-news-lkw/adityanath-give-warning-to-up-goverment-hindi-news/page-2/ Date Accessed: 30/9/2015	भाजपा

न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया
हिंदू युवावाहिनी के नेता के खिलाफ शिकायत दर्ज अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी ने हिंदू युवावाहिनी के नेता सुनील सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। हिंदू युवावाहिनी के उत्तरप्रदेश प्रमुख सुनील सिंह ने अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय को 'आतंक की पाठशाला' कहा था। http://www.thehindu.com/news/national/other-states/amu-registers-complaint-against-yogi-adityanaths-hindu-yuva-vahini/article7665116.ece Date Accessed: 18/9/2015
मध्यप्रदेश में गौहत्या के कानून का दुरुपयोग मध्यप्रदेश सरकार के गौहत्या से जुड़े कानून के दुरुपयोग के तथ्य सामने आ रहे हैं। पश्चिमी मध्यप्रदेश के खांडवा जिले के सानावाड कस्बे में गौरक्षा समिति के सदस्यों ने चार लोगों पर गौहत्या का आरोप मढा। जबकि आरोपी साप्ताहिक हाट से खेती के काम के लिए पशुओं को खरीदा था। संगठनों की शिकायत पर उन्हें धनगांव पुलिस स्टेशन ले जाया गया और 2011 के गौ वध प्रतिशेध (संशोधित) अधिनियम के तहत बंद कर दिया गया। http://scroll.in/article/753527/why-extortion-in-the-name-of-cow-protection-goes-unreported-in-madhya-pradesh Date Accessed:7/9/2015

2002 गुजरात दंगा: गुलबर्ग सोसायटी केस की सुनवाई

अहमदाबाद की विशेष अदालत ने गुलबर्ग सोसाइटी नरसंहार मामले में सुनवाई पूर कर ली है। गुलबर्ग सोसाइटी नरसंहार मामले में कांग्रेस सांसद रहे एहसान जाफरी सहित 69 लोग मारे गए थे।

http://indianexpress.com/article/india/gujarat/2002-post-godhra-riots-gulberg-society-massacre-trial-concludes-in-special-court/

Date Accessed:23/9/2015

संजीव भट्ट की याचिका पर फैसला सुरक्षित

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट की याचिका पर फैसले को सुरक्षित रखा है। संजीव भट्ट ने याचिका में अपने खिलाफ एफआईआऱ की एसआईटी से जांच करवाने की मांग थी। संजीव भट्ट ने आरोप लगाया था कि अमित शाह दंगों की जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

http://www.livemint.com/Politics/Dy5gVCirBdGgvG8LOYqEiP/SC-reserves-verdict-on-Sanjiv-Bhatt-plea-related-to-Godhra-c.html
Date Accessed: 23/9/2015

मुजफ्फरनगर दंगे पर गठित जांच आयोग की रिपोर्ट तैयार

मुजफ्फरनगर दंगे पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित जांच आयोग की रिपोर्ट को रिटायर्ड जस्टिस विष्णु सहाय ने राज्यपाल राम नाइक को सौंप दिया। इस मामले में 478 लोगों के बयान लिए गए।

http://indianexpress.com/article/cities/lucknow/muzaffarnagar-riots-inquiry-commission-submits-report-to-governor-ram-naik/
Date Accessed: 24/9/2015

गुजरात हाइकोर्ट ने याचिका की सुनवाई के लिए नयी बेंच गठित की

नरोदा पाटिया केस में सजायाफ्ता माया कोडनानी ,बाबू बजरंगी और अन्य अपराधियों की उम्र कैद की सजा पर पुर्नविचार से संबंधित याचिका पर सुनवाई के लिए हाईकोर्ट ने नए बेंच का गठन किया है।

http://indianexpress.com/article/cities/ahmedabad/gujarat-hc-constitutes-new-bench-to-hear-kodnani-bajrangi-pleas/
Date Accessed: 17/9/2015

सूचना प्रसारण मंत्रालय के नोटिस पर टीवी चैनल की हाइकोर्ट में याचिका

तमिल समाचार चैनल ने दिल्ली हाइकोर्ट में सूचना प्रसारण मंत्रालय की नोटिस को चुनौती दी है। इससे पहले सूचना प्रसारण मंत्रालय ने ईसाईयों के धार्मिक कार्यक्रम और एक समाचार कार्यक्रम के दौरान नरेन्द्र मोदी को लेकर की गयी टिप्पणी को केबल टेलीविजन नेटवर्क एक्ट(1995) का उल्लंघन मानते हुए टीवी चैनल को नोटिस भेजा था। टीवी चैनल ने इसे अंसवैधानिक और अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ बताया था।

http://timesofindia.indiatimes.com/india/TN-channel-moves-HC-against-IB-notice-for-airing-news-critical-of-PM/articleshow/.48796716cms
http://mib.nic.in/WriteReadData/documents/Warnning_Sathiyam_TV_Channel_12th_May_2015.pdf
Date Accessed: 4/9/2015

हत्या के मामले में हिंदू संगठन के तीन कार्यकर्ता गिरफ्तार

कोयंबटूर के पीलामेडु में हिंदू मक्कल काची (तमिलागम) में हत्या के प्रयास में तीन कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी हुई।

http://blogs.timesofindia.indiatimes.com/the-interviews-blog/attempts-on-to-destroy-indian-history-but-historys-not-mythology-or-theology-irfan-habib/
Date Accessed: 14/9/2015

श्रीराम सेना का कार्यकर्ता गिरफ्तार

लेखक के.एस. भगवान को धमकाने के मामले में पुलिस ने श्रीराम सेना से जुड़े प्रसाद अतावर की गिरफ्तारी की। यह गिरफ्तारी गैरजमानती धारा 153 (ए) और धारा 506 के तहत की गयी है। प्रसाद अत्तावर 2009 के मंगलौर पब हमले में भी आरोपी है।

http://www.thehindu.com/news/national/exsri-rama-sene-man-held-for-threatening-writer-bhagwan/article.7613217ece
Date Accessed:4/9/2015

गोविंद पांसरे हत्या मामले में हुई गिरफ्तारियां

सीपीआई नेता गोविंद पांसरे की हत्या के मामले में पुलिस ने सनातन संस्था के समीर विष्णु गायकवाड़ के साथ तीन आर गिरफ्तारियां की हैं।

http://www.bbc.com/hindi/india/2015/09/150916_govind_pansare_murder_suspect_held_hk
Date Accessed:16/9/2015

गोंडा दंगे में हुई कार्यवाई

उत्तरप्रदेश के गोंडा में हुए दंगे में 13 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस मामले में 13 पुलिसकर्मियों को लापरवाही बरतने के चलते निलंबित किया गया है।
http://www.thehindu.com/news/national/other-states/13-held-3-policemen-suspended-over-up-riots/article7686665.ece
25/9/2015
Date Accessed:25/9/2015

हत्या के मामले में प्रज्ञा सिंह पर आरोप तय

मध्यप्रदेश की एक अदालत ने आरएसएस प्रचारक सुनील जोशी की हत्या के मामले में मालेगांव विस्फोट की आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह सहित आठ आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए हैं।

http://indiatoday.intoday.in/story/sunil-joshi-murder-case-charges-framed-against-sadhvi-pragya-singh-thakur/1/478460.html

Date Acceesed:20/9/2015

सोशल साइट के सांप्रदायिक संदेश पर एनएसए के तहत कार्यवाई

उत्तरप्रदेश में पहली बार कन्नौज में हुए तनाव को लेकर जारी किए गए आपत्तिजनक पोस्ट पर पुलिस ने रासुका के तहत कार्यवाई की है।
http://timesofindia.indiatimes.com/city/lucknow/NSA-against-man-for-WhatsApp-post/articleshow/48992992.cms
Date Accessed:17/9/2015

एसपी ने लगाए राजस्थान सरकार पर गंभीर आरोप

राजस्थान में वसुंधरा राजे सरकार पर आरोप लगाते हुए बूंदी के पूर्व एसपी पंकज चौधरी ने कहा है कि सरकार उन पर 2014 के दौरान हुए दंगों को आरोपियों को छोड़ देने और मुस्लिमों के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने का दबाव डाल रही थी।
http://indianexpress.com/article/india/india-others/targeted-by-vasundhara-raje-govt-for-acting-against-vhp-bajrang-dal-rioters-ips-officer/
Date Accessed:17/9/2015

कलबुर्गी हत्या के मामले में हिदू महासभा से पूछताछ

प्रो. कलबुर्गा हत्याकांड में सीआईडी ने हिंदू महासभा के प्रमुख स्वामी प्रणवानंद और उनके ड्राइवर से पूछताछ की।
http://www.thehindu.com/news/cities/bangalore/kalburgi-murder-hindu-mahasabha-chief-questioned/article7639315.ece
Date Accessed:11/9/2015

बेलागावी हिंसा में काउंसलर गिरफ्तार

बेलागावी हिंसा के मामले में पुलिस ने बेलागावी सिटी कार्पोरेशन के सदस्य मुजमिल अहमद इकबाल डोनी को गिरफ्तार किया है। अदालत ने उन्हें फिलहाल 15 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में रखने को कहा है।
http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/communal-violence-belagavi-councillor-arrested/article7706944.ece
Date Accessed:30/9/2015

मुढाल हिंसा में हुई कार्यवाई

कर्नाटक के मुढाल हिंसा में दो पुलिसकर्मियों को लापरवाही से काम करने के लिए निलंबित किया गया है। इस मामले में 69 लोगों को हिरासत में लिया गया है।
http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/two-police-officers-suspended-over-mudhol-communal-violence/article7704447.ece
Date Accessed: 30/9/2015

सांप्रदायिक घटनाओं के आंकड़े

उत्तरप्रदेश में आगरा में सबसे ज्यादा दंगे

नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार उत्तरप्रदेश में सबसे अधिक दंगे आगरा में दर्ज किया गया। 2014 के दौरान आगरा में कुल 242 घटनाएं दर्ज की गयीं। जबकि दूसरे नंबर पर रहे मेरठ में 161 घटनाएं दर्ज की गयीं। इसी तरह उत्तरप्रदेश के वाराणसी में 34 घटनाएं, इलाहाबाद में 87 घटनाएं, गाजियाबाद में 37 और लखनऊ में 73 केस दर्ज किए गए।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/NCRB-Agra-reported-most-riot-cases-in-UP-Meerut-second/articleshow/.48977184cms

Date Accessed:15/9/2015

Connect with RGICS at: info@rgics.org; www.rgics.org

सूचना: यह केवल निजी प्रसार के लिए है। सभी लेख, खबरें मूल लेखों और खबरों का सार-संक्षेप है और इनके शीर्षकों में कहीं-कहीं बदलाव किया गया है। मूल लेखों और खबरों के विस्तार के लिए साथ में लिंक भी दिए गए हैं।